# फ्रांस का स्पेन से महामुकाबला

## 'फाइनल से पहले फाइनल', विजेता फाइनल की दहलीज पर

**एमबाप्पे की धार और यामाल के जादू पर दुनिया की नजरें**

**जीतने वाली टीम 19 को न्यू जर्सी में होने वाले फाइनल में पहुंचेगी**

**डलास, अमेरिका, 13 जुलाई.** 2026 **फीफा विश्व कप अपने सबसे रोमांचक और निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। अब टूर्नामेंट में केवल चार टीमें बची हैं और पहला सेमीफाइनल आज फुटबॉल की दो सबसे मजबूत यूरोपीय ताकतों—फ्रांस और स्पेन—के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले को दुनिया भर के फुटबॉल विशेषज्ञ और पूर्व खिलाड़ी 'फाइनल से पहले का फाइनल' मान रहे हैं, क्योंकि दोनों टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में जिस स्तर का प्रदर्शन किया है, उसने उन्हें खिताब का सबसे बड़ा दावेदार बना दिया है।**

आज डलास में होने वाला यह मुकाबला सिर्फ फाइनल का टिकट हासिल करने की लड़ाई नहीं, बल्कि यूरोप की दो फुटबॉल महाशक्तियों के बीच वर्चस्व की जंग भी होगा फ्रांस इस विश्व कप में अब तक सबसे खतरनाक आक्रमण करने वाली टीमों में शामिल रही है। कप्तान किलियन एमबाप्पे अपनी शानदार फॉर्म से लगातार विपक्षी टीमों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। उनके साथ ओस्मान डेम्बेले, माइकल ओलीसे और ब्रैडली बारकोला जैसे खिलाड़ी फ्रांस के आक्रमण को और भी घातक बना रहे हैं। दूसरी ओर, स्पेन ने अपनी पहचान बेहतरीन पासिंग, गेंद पर नियंत्रण और मजबूत डिफेंस से बनाई है। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहद अनुशासित खेल दिखाया है और दबाव वाले मुकाबलों में भी संयम नहीं खोया। युवा स्टार लामिन यामाल, रोड्री और दानी ओल्मो जैसे खिलाड़ी स्पेन की सबसे बड़ी ताकत माने जा रहे हैं। दोनों टीमों का हालिया इतिहास भी इस मुकाबले को और दिलचस्प बनाता है। यूरो 2024 और यूईएफए नेशंस लीग 2025 के सेमीफाइनल में स्पेन ने फ्रांस को हराया था। ऐसे में फ्रांस के पास इस बार पुरानी हार का हिसाब चुकता करने का मौका होगा, जबकि स्पेन लगातार तीसरी बार फ्रांस को बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबले में हराने के इरादे से उतरेगा।



> **फ्रांस की सबसे बड़ी ताकत : एमबाप्पे**
>
> कप्तान किलियन एमबाप्पे इस वर्ल्ड कप में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक 8 गोल दागे हैं और गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे हैं। ओस्मान डेम्बेले, माइकल ओलीसे और ब्रैडली बारकोला ने भी फ्रांस के आक्रमण को बेहद खतरनाक बनाया है।

> **स्पेन का भरोसा – यामाल और मिडफील्ड**
>
> स्पेन की पहचान इस टूर्नामेंट में शानदार बॉल कंट्रोल और मजबूत डिफेंस रही है। टीम ने अब तक केवल 1 गोल खाया है। हालांकि युवा स्टार लामिन यामाल अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखे हैं, लेकिन बड़े मैच में उनसे काफी उम्मीदें हैं।

फुटबॉल प्रेमियों की नजरें खास तौर पर एमबाप्पे और यामाल की भिड़ंत पर टिकी होंगी, जिन्हें इस मुकाबले का सबसे बड़ा आकर्षण माना जा रहा है। इस सेमीफाइनल की विजेता टीम 19 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होने वाले विश्व कप फाइनल में प्रवेश करेगी, जहां उसका सामना इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। ऐसे में आज का मुकाबला केवल एक जीत या हार का नहीं, बल्कि विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर इतिहास रचने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा।

### फ्रांस बनाम स्पेन : अहम आंकड़े

- **16 गोल** – फ्रांस ने टूर्नामेंट में अब तक सबसे ज्यादा गोल किए हैं (90 मिनट में)।
- **8 गोल** – किलियन एमबाप्पे, गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे।
- **5 गोल** – ओस्मान डेम्बेले।
- **5 असिस्ट** – माइकल ओलीसे।
- **1 गोल** – स्पेन ने पूरे टूर्नामेंट में अब तक सिर्फ एक गोल खाया है।
- **38 मुकाबले** – फ्रांस और स्पेन अब तक आमने-सामने।
- **18 जीत** – स्पेन।
- **13 जीत** – फ्रांस।
- **7 मैच** – ड्रॉ रहे।
- **42.1%** – 90 मिनट में फ्रांस की जीत की संभावना।
- **31.8%** – स्पेन की जीत की संभावना।
- **26.1%** – मैच के अतिरिक्त समयमें जाने की संभावना।
- **19 जुलाई** – फाइनल की तारीख।
- **4 टीमें** – टूर्नामेंट में अब बची हैं।
- **2 टीमें** – आज फाइनल की पहली टिकट के लिए भिड़ेंगी।
- **2 विश्व कप** – फ्रांस अब तक दो बार (1998, 2018) चैंपियन।
- **1 विश्व कप** – स्पेन (2010) का एकमात्र खिताब।
- **20 गोल** – एमबाप्पे के तीन विश्व कप में कुल गोल (इस संस्करण सहित)।
- **6 मैच** – फ्रांस ने लगातार छह मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।
- **4 विश्व कप फाइनल** – फ्रांस पिछले 7 विश्व कप में चार बार फाइनल खेल चुका है (1998, 2006, 2018, 2022)।

### फ्रांस बनाम स्पेन : मुकाबले की बड़ी बातें

- **दो अलग अंदाज, एक लक्ष्य :** फ्रांस की पहचान उसकी तेज रफ्तार, खतरनाक काउंटर अटैक और स्टार खिलाड़ियों की चमक है. वहीं स्पेन गेंद पर नियंत्रण, शानदार पासिंग और रणनीतिक खेल के लिए जाना जाता है. मैदान पर आज सिर्फ खिलाड़ी नहीं, बल्कि दो अलग फुटबॉल सोच आमने-सामने होंगी.
- **एमबाप्पे बनाम यामाल :** इस मुकाबले का सबसे बड़ा आकर्षण होगा फ्रांस के कप्तान किलियन एमबाप्पे और स्पेन के युवा सितारे लामिन यामाल की भिड़ंत. एक तरफ अनुभव और रफ्तार है, तो दूसरी तरफ युवा जोश और रचनात्मकता.
- **स्पेन की दीवार, फ्रांस का हमला :** स्पेन ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी मजबूत रक्षापंक्ति से प्रभावित किया है. दूसरी ओर फ्रांस का आक्रमण किसी भी समय मैच का रुख बदलने की क्षमता रखता है. यही टकराव इस सेमीफाइनल को खास बनाता है.
- **पुरानी टक्कर का नया अध्याय :** फ्रांस और स्पेन की प्रतिद्वंद्विता पुरानी है. दोनों टीमें बड़े मंच पर कई बार आमने-सामने आ चुकी हैं. अब विश्व कप सेमीफाइनल में दोनों के पास इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का मौका है.
- **दबाव में कौन रहेगा शांत?** सेमीफाइनल मुकाबलों में अक्सर छोटे-छोटे पल फैसला करते हैं. एक गलती, एक शानदार पास या एक बेहतरीन फिनिश पूरी कहानी बदल सकती है. दोनों टीमों के पास मैच जिताने वाले खिलाड़ी मौजूद हैं.
- **फाइनल की पहली टिकट :** जीतने वाली टीम सीधे विश्व कप फाइनल में पहुंचेगी. हारने वाली टीम का सफर यहीं खत्म हो जाएगा. इसलिए डलास में होने वाली यह भिड़ंत सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि विश्व चैंपियन बनने की आखिरी सीढ़ियों में से एक है.

## उरुग्वे ने अंतरिम कोचिंग के लिए फोरलान से बातचीत शुरू की

**मोंटेवीडियो.** उरुग्वे के पूर्व स्ट्राइकर डिएगो फोरलान, नेशनल टीम की अंतरिम कमान संभालने के लिए उरुग्वे फुटबॉल एसोसिएशन (एयूएफ) से बातचीत कर रहे हैं. उरुग्वे के अखबार एल पेस ने बताया कि यह कदम जून में फीफा वर्ल्ड कप में उरुग्वे के ग्रुप-स्टेज से बाहर होने और मार्सेलो बिएल्सा के पद छोड़ने के बाद उठाया गया है. प्रस्ताव के तहत, फोरलान सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में होने वाले छह फ्रेंडली मैचों की देखरेख करेंगे और साथ ही अंडर-20 टीम की भी जिम्मेदारी संभालेंगे. एयूएफ के प्रेसिडेंट इग्नासियो अलोंसो ने कहा कि साल के आखिर में या अगले साल की शुरुआत में एक परमानेंट मैनेजर नियुक्त किया जाएगा. अलोंसो के हवाले से कहा गया, 'वह जोश में हैं, हालांकि अभी भी कुछ मुद्दों पर बात करनी है और हम आने वाले कुछ घंटों में फिर मिलेंगे.' फोरलान को उरुग्वे के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है. अपने करियर के दौरान, उन्होंने मैनचेस्टर यूनाइटेड, विलारियल, एटलेटिको मैड्रिड और इंटर मिलान में खेला. उन्होंने उरुग्वे के लिए 112 मैच खेले और 36 गोल किए. उन्होंने 2010 वर्ल्ड कप में बेस्ट खिलाड़ी के तौर पर गोल्डन बॉल जीता, जब उन्होंने उरुग्वे को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में मदद करने के लिए पांच गोल किए.



## टीम को लगातार मिल रही सफलता 'सामान्य नहीं' है : मेसी

**अटलांटा.** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने कहा कि टीम को मिल रही सफलता 'सामान्य नहीं' है, इसका मतलब है कि टीम अपने इतिहास में पहली बार खिताब बरकरार रखने की राह पर है और इसलिये हमें इसका भरपूर आनंद लेना चाहिए. मेसी ने कहा, 'यह अच्छी बात है कि अर्जेंटीना के लोग भी इसका उतना ही आनंद ले रहे हैं जितना हम ले रहे हैं. हम भी इसी तरह जीते हैं. इस समूह ने लोगों को ऐसी चीजें करने की आदत डाल दी है जो सामान्य नहीं हैं. विश्व चैंपियन बनने के बाद वापसी करना, हमने जो कुछ भी जीता, उसे जीतना, और फिर प्रतिस्पर्धा जारी रखना और शीर्ष चार में उस स्तर पर बने रहना, एक और सेमीफाइनल में खेलना आसान नहीं है... यह सामान्य नहीं है, इसलिए हमें इसका भरपूर आनंद लेना चाहिए.' उन्होंने कहा, 'हमें नहीं पता कि ऐसा दोबारा होगा या नहीं, और कब होगा. पिछली बार तक हम काफी लंबे समय तक विश्व चैंपियन नहीं बन पाए थे, इसलिए आगे जो भी मौका मिले उसका आनंद लेना चाहिए और उसे महत्व देना चाहिए. हम आराम करने, अपनी ताकत वापस पाने और सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करने की कोशिश करेंगे. स्विट्जरलैंड के खिलाफ खेले गये मैच के सवाल पर उन्होंने कहा, 'हम इस विश्व कप की मुश्किलों को जानते हैं, यह कैसा चल रहा है.





## भारतीय महिला टीम ने जीता ऐतिहासिक लॉर्ड्स टेस्ट

- भारत ने लॉर्ड्स में इंग्लैंड को टेस्ट में पहली बार हराया
- भारत ने इंग्लैंड को पूरे मैच में वापसी का मौका नहीं दिया

**लंदन, 13 जुलाई. यास्तिका भाटिया के शतक, दोनों पारियों में स्मृति मंधाना के अर्धशतक और क्रांति गौड़ के पंजे की बदौलत भारत ने ऐतिहासिक लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड को सोमवार को 270 रन के बड़े अंतर से हरा दिया ।चौथे दिन का खेल जब शुरू हुआ तब भारत जीत से चार विकेट दूर था और स्नेह राणा ने अर्धशतक बना चुकीं एमी जोंस के रूप में भारत को दिन की पहली सफलता दिला दी।**

दीप्ति शर्मा ने इसी वॉन्ग और लॉरेन बेल को बोल्ड किया। दूसरे छोर पर सोफ़ी एकलस्टन डटी हुई थीं और भारत जीत से मात्र एक विकेट दूर था। एकलस्टन जब 27 के स्कोर पर थीं तब श्री चरणी ने उनके ख़िलाफ़ पगबाधा की अपील की थी जिसे अंपायर ने नकार दिया।

हालांकि श्री चरणी की गुज़ारिश पर कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रिव्यू लिया और एकलस्टन अंपायर्स कॉल पर बच गईं। एकलस्टन ने टेस्ट करियर में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया और जब वह 44 के स्कोर पर थीं तब दीप्ति के ख़िलाफ़ अंपायर ने उन्हें पगबाधा करार दिया था। एकलस्टन ने स्वीप का प्रयास किया था और अंपायर के इस निर्णय के ख़िलाफ़ इस बार उन्होंने डीआरएस लिया।

## इंग्लैंड को आईपीएल में भी भूमिका निभाने की मिल सकती है मंजूरी

**गोल्डलंदन, 13 जुलाई इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा है कि बोर्ड, टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच को इंडियन प्रीमियर लीग में काम करने की अनुमति देने पर विचार कर सकता है.**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने रविवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि ब्रैंडन मक्कलम उत्तराधिकारी के लिए 'लक्षित चयन प्रक्रिया' तुरंत शुरू की जाएगी. गोल्ड ने कहा कि उनके पास पहले से ही छह से दस नामों की शॉर्टलिस्ट है. हालांकि उन्होंने किसी भी नाम की पुष्टि या खंडन करने से इनकार किया. लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई उम्मीदवार आईपीएल में भी काम जारी रखना चाहता है, तो केवल इसी वजह से उसे दौड़ से बाहर नहीं किया जाएगा.




### सुयश अवस्थी भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम के कप्तान बने

**लखनऊ, 13 जुलाई.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हैंडबॉल खिलाड़ी सुयश अवस्थी को चीन के चुझोउ शहर में 15 से 26 जुलाई तक आयोजित होने वाली 19वीं एशियन पुरुष जूनियर (अंडर-21) हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय पुरुष जूनियर टीम का कप्तान बनाया गया है। लखनऊ के ही निहाल सिंह को भी भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम सोमवार देर रात को कोलकाता से चीन के लिए रवाना होगी।

## गिल और श्री चरणी प्लेयर ऑफ द मंथ की होड़ में

**दुबई, 13 जुलाई भारत के कप्तान शुभमन गिल, बांग्लादेश के ऑल-राउंडर मोसादेक हुसैन और न्यूज़ीलैंड के सीमर नाथन स्मिथ को जून के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ़ द मंथ अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, जबकि स्कॉटलैंड की ऑलराउंडर कैथरीन ब्राइस, इंडिया की स्पिनर श्री चरणी और इंग्लैंड की ओपनर डैनी वायट को महिला वर्ग में शॉर्टलिस्ट किया गया है।**

अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ होम टेस्ट और वनडे में गिल के लगातार परफ़ॉर्मेंस ने उन्हें कट में जगह बनाने में मदद की, जबकि मोसादेक ने ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ होम वनडे सीरीज़ जीत में बैट और बॉल से अपने परफ़ॉर्मेंस के लिए और स्मिथ ने इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज़ जीत में अपने कंट्रीब्यूशन के लिए जगह बनाई ।बांग्लादेश के ख़िलाफ़ होम सीरीज़ और उसके बाद आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में ब्राइस के लगातार परफ़ॉर्मेंस ने उन्हें शॉर्टलिस्ट होने में मदद की।





### साई ने स्वर्ण पदक जीतने पर नीरू को दी बधाई

**नयी दिल्ली.** भारतीय खेल प्राधिकारण (साई) ने इलटी के लोनाटो में हुए आईएसएसएफ विश्व कप शॉटगन में महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर नीरू धांडा को बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। भारतीय खेल प्राधिकारण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'इटली के लोनाटो में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन में महिलाओं का ट्रैप गोल्ड मेडल जीतने पर नीरू को बहुत-बहुत बधाई। इस शानदार जीत के साथ, नीरू वर्ल्ड कप गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला ट्रैप शूटर बन गई हैं.

## 18 साल बाद सीएसके से अलग हुए फ्लेमिंग

**चेन्नई 13 जुलाई. चेन्नई सुपर किंग्स के साथ आपसी सहमति के बाद मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का 18 साल का साथ खत्म हो गया है. यह फैसला फ्लेमिंग और सीएसके प्रबंधन के बीच कई दौर की बातचीत के बाद लिया गया.**

इस फैसले की घोषणा करते हुए सीएसके की मालकिन रूपा गुरुनाथ ने फ्रैंचाइजी के लिए फ्लेमिंग के योगदान की तारीफ करते हुए कहा, 'स्टीफन फ्लेमिंग इस फ्रैंचाइजी के लगभग पूरे सफर के दौरान हमारी कोचिंग यूनिट की जान रहे हैं. लगभग दो दशकों से, उन्होंने हमारी पहचान, विजन और बेहतरीन प्रदर्शन की कोशिश को आकार देने में मदद की है. सुपर किंग्स फ्रैंचाइजी के सभी लोगों की ओर से, हम उनकी अटूट प्रतिबद्धता, जुनून और लीडरशिप के लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं. भले ही मैदान पर हमारा साथ सफर खत्म हो रहा है, लेकिन वह हमेशा टीम की विरासत का एक अहम हिस्सा बने रहेंगे.



> 'फ्लेमिंग ने कहा, 'खेल की दुनिया में अठारह साल एक पूरी जिंदगी के बराबर होते हैं, और मैं सिर्फ आभार के साथ जा रहा हूं. चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बिताया गया समय मेरे कोचिंग करियर का सबसे यादगार अनुभव रहा है. मुझे उन सभी चीजों पर गर्व है जो हमने हासिल की हैं. हमने साथ मिलकर यादगार जीत का जश्न मनाया, मुश्किल पलों का सामना किया और ऐसी यादें बनाईं जो हमेशा मेरे साथ रहेंगी.

## विश्वकप की तैयारी के लिए भारत के दिग्गज खिलाड़ी टीम में

**लौटेबर्मिंघम, 13 जुलाई. भारत के इस सप्ताह शुरु हुए एकदिवसीय अभियान में रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम में लौट रहे हैं. यह** 2027 **आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए टीम की सबसे महत्वपूर्ण तैयारी की शुरुआत हो सकती है.**

इंग्लैंड के खिलाफ निराशाजनक टी-20 सीरीज के बाद, भारत एजबेस्टन में अनुभवी खिलाड़ियों और कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई वाली नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के साथ नई शुरुआत करने की कोशिश करेगा. अनुभवी तिकड़ी की वापसी से टीम में बहुत ज़रूरी स्थिरता, नेतृत्व और जीतने की मानसिकता आने की उम्मीद है, क्योंकि टीम 50-ओवर के प्रारूप में निरंतरता की तलाश में है. यह सीरीज एक नए वनडे सफर की शुरुआत है; रोहित, कोहली और बुमराह की मौजूदगी हालिया झटकों के बाद टीम का नजरिया बदल सकती है.

**यूपी टी 20 सीज़न चार** | टूर्नामेंट का पहला फेज़ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा

## 14 अगस्त से लीग पहली बार दो शहरों में होस्ट की जाएगी

**कानपुर, 13 जुलाई. यूपी** टी 20 **लीग (** यूपी टी 20 सीज़न 4 **) 14 अगस्त से 6 सितंबर तक होगी. 24 दिन के इस टूर्नामेंट में 34 मैच होंगे, जिसमें 13 डबल हेडर मैचडे और 8 सिंगल-हेडर मैचडे शामिल हैं, ऑर्गनाइज़र ने रविवार को यह घोषणा की. लीग के इतिहास में पहली बार, यूपी** टी 20 **को दो शहरों में होस्ट किया जाएगा.**

टूर्नामेंट का पहला फेज़ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में खेला जाएगा, जहाँ 13 मैचडे में 22 मैच होंगे.दूसरा फेज़ ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर में शिफ्ट होगा, जहाँ 11 मैचडे में बाकी 12 मैच होस्ट किए जाएँगे. यूपी टी 20 सीज़न 4 की ओपनिंग सेरेमनी और पहला मैच लखनऊ में होगा, जबकि कानपुर में फाइनल और क्लोजिंग सेरेमनी होगी, जिससे टूर्नामेंट का शानदार समापन होगा.उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की गवर्निंग काउंसिल की रविवार को मीटिंग हुई और यूपी टी 20 लीग के चौथे एडिशन के आयोजन से जुड़े कई खास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई.इस मौके पर, यूपीसीए ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री,योगी आदित्यनाथ और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद, राजीव शुक्ला का खेलों के विकास के लिए लगातार गाइडेंस, सपोर्ट और कमिटमेंट के लिए दिल से शुक्रिया अदा किया.गवर्निंग काउंसिल ने टूर्नामेंट के शेड्यूल, जगहों, प्लेयर ऑक्शन, टूर्नामेंट ऑपरेशन, टैलेंट डेवलपमेंट और कॉम्पिटिशन की दूसरी खास बातों पर भी डिटेल में बातचीत की. यूपी टी 20 सीज़न 4 का मिनी ऑक्शन 24 जुलाई को आगरा में होगा, जिसमें लीग की छह फ्रेंचाइजी में 45 प्लेयर स्लॉट उपलब्ध होंगे.




### सात्विक-चिराग की वापसी पर रहेंगी नजरें

**टोक्यो, 13 जुलाई .** भारत के बड़े बैडमिंटन खिलाड़ी, जिनमें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी, पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन शामिल हैं, मंगलवार से टोक्यो में शुरू होने वाले जापान ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए वापसी करेंगे ।एशियन गेम्स युगल बैडमिंटन चैंपियन सात्विक-चिराग पर सबकी नज़र रहेगी क्योंकि वे जून में इंडोनेशिया ओपन के शुरुआती राउंड के दौरान कंधे की चोट बढ़ने के बाद पहली बार कोर्ट पर वापसी कर रहे हैं ।ऑस्ट्रेलियन, मकाऊ, यूएस और कनाडा ओपन में हिस्सा नहीं ले पाए दुनिया की नंबर 4 पुरुष युगल जोड़ी अब ज़ोरदार शुरुआत करना चाहेगी।

## वेस्टइंडीज की टीम में हेटमायर शामिल

**प्रोविडेंस, 13 जुलाई. वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मुकाबले के लिए चोटिल जस्टिन ग्रीव्स की जगह शिमरोन हेटमायर को टीम में शामिल किया है.क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक बयान में कहा कि ग्रीव्स को पीठ में चोट लगी थी, जिसके कारण वह प्रोविडेंस में खेले गए पहले वनडे से बाहर हो गए थे और अब वह अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखने के लिए बारबाडोस लौट गए हैं.**

हेटमायर, जिन्होंने आखिरी बार जून 2025 में वनडे खेला था, को जून में श्रीलंका के खिलाफ वेस्टइंडीज की तीन मैचों की सीरीज के दौरान वनडे टीम में वापस बुलाया गया था, लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला. उन्हें शुरू में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन वनडे के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था ताकि वह सिएटल ओर्कास के साथ अपना एमएलसी का कार्यकाल पूरा कर सकें.ओर्कास एमएलसी के लीग चरण में पांचवें स्थान पर रही और नॉकआउट के लिए क्वालिफ़ाई नहीं कर पाई, जिससे हेटमायर वेस्टइंडीज टीम में शामिल होने के लिए उपलब्ध हो गए.

